## खास-खबरें

### ट्रेन में हुई हत्याकांड के चार किन्नर आरोपी गिरफ्तार

**गंजबासौदा ।** जिले के बहुचर्चित आदर्श विश्वकर्मा हत्याकांड मामले में गंजबासौदा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है! मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित खबरों के चलते पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए,हत्याकांड के चार किन्नर आरोपियों को उत्तर प्रदेश के कैराना से गिरफ्तार किया गया है! अनुविभागी अधिकारी पुलिस मनोज मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में खुलासा करते हुए बताया कि बिगत दोनों गोंडवाना एक्सप्रेस में आदर्श विश्वकर्मा से लात लगने पर विवाद हुआ था। इन किन्नरों का,जिसके बाद घटनाक्रम ऐसा हुआ कि आदर्श विश्वकर्मा को काफी मारा पीटा गया। और वह मृत अवस्था में गंजबासौदा के लाल पठार पर मिला था।जिसके बाद छानबीन की गई वीडियो वायरल हुआ एवं मीडिया में प्रमुखता से खबरें आई। इसके बाद पुलिस ने अलग-अलग टीम बनाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### कृषि महाविद्यालय के निकट अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली

**गंजबासौदा।** कृषि महाविद्यालय के निकट एक अज्ञात व्यक्ति की लाश लोगों को दिखाई दी तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाया इसके पश्चात पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया इस व्यक्ति की कैसे मौत हुई आत्महत्या है या हत्या इसकी तहकीकात पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के पश्चात करेगी हो सकता है देर रात्रि तक इसका खुलासा हो जाए।

### टोकन से ओपीडी पर्चा बनवाने में लग रहा समय, बुजुर्ग और बीमारों को हो रही परेशानी

**सीहोर।** सीहोर जिला अस्पताल में ओपीडी पर्चा बनवाने की टोकन व्यवस्था मरीजों के लिए समस्या आ रही है। बताया गया कि मरीजों को पर्चा बनवाने से पहले मोबाइल से बार कोड स्कैन कर टोकन लेना पड़ता है। इसके बाद ओटीपी आने पर टोकन बनता है फिर टोकन नंबर पर्चा काउंटर पर जमा करने के बाद ही मरीज का पर्चा बनता है। इस लंबी प्रक्रिया में मरीजों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। अस्पताल परिसर में न तो बैठने की व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की सुविधा। बीमार, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। जमोनिया गांव की रश्मि और बुजुर्ग जम्मा बाई ने बताया कि इस व्यवस्था से मरीजों का समय बर्बाद हो रहा है। कई लोगों ने अस्पताल प्रबंधन और जिला कलेक्टर से इस व्यवस्था को बदलने की मांग की है। सिविल सर्जन डॉ. प्रवीर गुप्ता के अनुसार ने बताया कि यह व्यवस्था आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों का रिकॉर्ड रखने के लिए बनाई गई है।

# नपा ने 311 करोड़ रुपए का बजट पेश किया

### सीवन नदी के सौंदर्यीकरण और सीवेज का काम होगा शुरू, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग लगाने की शर्त पूरी करना अनिवार्य

**सीहोर।**

**शहर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का बजट बनाया गया है। इसमें नागरिकों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है। करीब 311 करोड़ से अधिक के बजट में सबसे ज्यादा 52 करोड़ अमृत योजना मिशन 2.0 के तहत खर्च होंगे।**




उक्त विचार शहर के नगर पालिका के सभाकक्ष में प्रस्तावित बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 का सर्व सम्मिति से बजे पेश करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार के आशीर्वाद से शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहाकि भूजल स्तर गिरता जा रहा है, इसके लिए अब भवन निर्माण में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की शर्त अनिवार्य करने के अलावा एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। वाटर हार्वेस्टिंग का सिस्टम प्रदेश और देश के लिए भी जरूरी है।

बजट बैठक के दौरान सभापति अजय पाल राजपूत ने बजट पेश किया। इस मौके पर नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने कहा कि शुक्रवार की सुबह नगर पालिका के सभाकक्ष में परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर चर्चा आदि की गई। बैठक के दौरान सभी पार्षदों ने शहर के अरबों रुपए के इस बजट को सर्व सम्मिति से हर्ष व्यक्त करते हुए पूरे हर्ष के साथ अपना समर्थन किया। विशेष सम्मेलन के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता के अलावा समस्त पार्षद गण और नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि इसमें पानी की लाइन के साथ सीवर लाइन बिछाने के अलावा पार्कों का सौंदर्यीकरण, घाटों का नवनिर्माण, डामरीकरण कार्य, आडोटोरियम हाल, जिम/स्विमिंग पूल निर्माण, शहर में स्टेडियम निर्माण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ट्रंचिंग ग्राउंड, नवीन कार्यालय भवन ग्रीन बिल्डिंग, सोलर प्लांट, नवीन गीता भवन निर्माण लागत बीस करोड़, मुख्यमंत्री घोषण से विकास कार्य, ट्रंचिंग ग्राउंड में लीगेसी वेस्ट का बायोरेमेडियेशन और नवीन दुकान/काम्प्लेक्स निर्माण आदि किया जाना है।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित करने के लिए हम पूरी तरह से एकजुट है। जिसके अंतर्गत विशेषकर उक्त नवीन प्रस्तावित कार्य है तथ मुख्य रूप से शहर में नवीन सड़क, नाली, जल प्रदाय, सौंदर्यीकरण और स्वच्छता आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस बजट को तैयार करने के लिए बीते दिनों शहरवासियों के अलावा जनप्रतिनिधियों और परिषद के साथियों से सलाह भी ली गई। इसी सलाह के आधार पर नगर पालिका का बजट पेश किया गया। बजट में निर्माण, सफाई, पथ-प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था में विस्तार के लिये बल दिया गया है।

जिसके अंतर्गत विशेषकर उक्त नवीन प्रस्तावित कार्य है तथ मुख्य रूप से शहर में नवीन सड़क, नाली, जल प्रदाय, सौंदर्यीकरण और स्वच्छता आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस बजट को तैयार करने के लिए बीते दिनों शहरवासियों के अलावा जनप्रतिनिधियों और परिषद के साथियों से सलाह भी ली गई।

## उज्जैन नगर निगम ने 4 हजार 700 करोड़ का बजट किया पास



**उज्जैन।** नगर निगम के भाजपा बोर्ड ने आश्चर्यजनक बजट पेश किया है जिस नगर निगम मे आज भी ठेकेदारों के 55 करोड़ रूपये बकाया है, टेंडर विज्ञप्ति 15-15 बार निकल चुकी हैं, कई बार रिकॉल होने पर भी ठेकेदार काम करने को तैयार नही। जो नगर निगम उज्जैन शहर में नालियों के चैम्बर नहीं ढक पा रही उस नगर निगम के भाजपा बोर्ड ने 4 हजार 700 करोड़ का बजट पास कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि 4 हजार 780 करोड़ का बजट पास करने वाला भाजपा बोर्ड केवल 400 करोड़ का बजट पास करके ईमानदारी से उस बजट से नगर के काम कर दे तो ही उज्जैन शहर का कायाकल्प हो जाए। जिन योजनाओं पर नगर निगम को काम नहीं करना, ऐसी योजनाओं को भी बिना बात के बजट में जोड़ लिया गया।

रवि राय ने कहा कि महापौर ने भी सम्मेलन में स्वीकार किया कि मात्र 160 करोड़ की प्राप्ति नगर निगम को हुई है। तो 4 हजार 782 करोड़ का बजट क्यों पास किया। इतना बड़ा बजट पास करने पर भी मुख्यमंत्री की मंशा के कई कामो पर कैची चलाई गई है। गौरव दिवस, राहगिरी, सिंहस्थ में भूमिपूजन, कपिला गौशाला सहित विभिन्न आयोजन जहां स्वयं मुख्यमत्री उपस्थित होते है, उन कार्यों के बजट पर महापौरजी ने कैची चला दी।

## प्रिसंटन कॉलेज में 1 से 3 अप्रैल तक होगा रोजगार मेले का आयोजन

**बरेली।** बरेली नगर के सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्था प्रिंसटन कॉलेज में तीन दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें एमबीए के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा उसके पश्चात विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा केंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा, एवं विद्यार्थियों को क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा जॉइनिंग लेटर प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश से आए शिक्षाविद अपने अनुभव विद्यार्थियों के बीच साझा करेंगे। यह कार्यक्रम कॉलेज के संस्थापक ठाकुर महेंद्र सिंह के निर्देशन में किया जा रहा है, एवं विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाने हेतु एक सजक प्रयास संस्था निरंतर वर्षों से करती आई है संस्था का हमेशा प्रयास इस और रहा कि क्षेत्र में बेरोजगारी की संख्या कम हो जिसका प्रमुख कारण अशिक्षा है इसको दूर करने के लिए संस्थाओं को आगे जाकर कार्य करना चाहिए समाज हित में कार्य करना चाहिए और तथा पत्रकारों के हित में कार्य करना चाहिए क्योंकि एक पत्रकार समाज को आइना दिखाने के काम आता है पत्रकारों के जरिए ही हम समाज मे सुधार ला सकते हैं, सामाजिक कार्यों को जब पत्रकार छापते हैं तो उनकी कलम में स्याही रंगीन हो जाती है। संस्था संचालक ठाकुर महेंद्र सिंह क्षेत्र में शिक्षा के साथ साथ समाज सेवा धार्मिक आयोजनों एबं पीड़ितों के हमदर्द के रूप में भी देखे जाते हैं सर्व समाज मे इनका नाम बड़े ही सम्मान से लिया जाता है यह क्षेत्र के ऐसे संस्थापक हैं जिन्हें शिक्षा से सरोकार है।

हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य यह है कि संस्था में शिक्षण कार्य कर रहे छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसर मिल सकें, इसके लिए हम निरंतर तीन-चार वर्षो से प्रयास कर रहे हैं। उसमें हमे सफलता भी मिली है। कई बच्चे-बच्चियों को रोजगार मिल गया है। ऐसा ही प्रयास हम इस बार भी कर रहे हैं, अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ उनको अच्छे रोजगार मिल सके। इसके लिए हमारी संस्था हमेशा प्रयास करती रहेगी।

### शनिश्चरी अमावस्या पर आज लाखों श्रद्धालु करेंगे शिप्रा स्नान

**उज्जैन।** शनिश्चरी अमावस्या पर आज शनिवार को त्रिवेणी पर आस्था का स्नान होगा। नर्मदा के पानी में श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे। इसके बाद भगवान शनिदेव के दर्शन कर उनका तेल से अभिषेक करेंगे। इसके लिए शुक्रवार को मंदिर के अंदर और बाहर जरूरी व्यवस्थाएं जुटाई जाती रहीं। घाट पर बैरिकेड्स लगाकर फव्वारे लगाए गए। आज शनिश्चरी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना के चलते मंदिर के बाहर बैरिकेड्स लगाए गए हैं। धूप के श्रद्धालुओं के पैर ना जले इसलिए नीचे टाटपट्टी और छाया के लिए शामियाने लगाए गए हैं। इसी तरह मंदिर परिसर में भी कारपेट बिछाए गए हैं। शुक्रवार रात से स्नान के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।

## मत्स्य पलकों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु दिया मत्स्य मूल्यवर्धित उत्पाद विषय पर प्रशिक्षण

**जबलपुर।**



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं विश्वविद्यालय विस्तार शिक्षण के संचालक डॉ सुनील नायक तथा मत्स्य विज्ञान महा विद्यालय, जबलपुर अधिष्ठाता डॉ शशिकांत महाजन के नेतृत्व में भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 26- 27 मार्च को मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ग्राम कालादेही जबलपुर में महा विद्यालय की विस्तार सेवाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति के मत्स्य कृषकों एवं महिलाओं को मत्स्य मूल्यवर्धित उत्पाद विषय पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ सोना दुबे द्वारा महिलाओं को स्वसहायता समूह बनाकर इस दिशा में कार्य करने हेतु प्रेरित भी किया गया ,ताकि स्वरोजगार का आसानी से सृजन हो सके एवं मत्स्य पालक आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सकें,साथ ही इसी विषय पर तैयार पम्पलेट का विमोचन भी किया गया, कार्यक्रम ग्राम वासियों को कौशल एवं प्रशिक्षण माध्यम से आर्थिक रूप से संबल बनाने के लिए प्रेरित किया गया,कार्यक्रम का संचालन और संयोजन समन्वयक डॉ सोना दुबे द्वारा किया गया। इस दौरान टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी, अनिल केवट, छात्रा सोनल चौरसिया, काजल प्रजापति, अर्पिता राजपूत कर्मचारी रामकलेश यादव, एवं अन्नू वर्मन का सराहनीय योगदान रहा।

## महिलाओं को जनशिक्षण संस्थान के माध्यम से मिलेगा रोजगार:चौधरी




**रायसेन।**

जनशिक्षण संस्थान रायसेन के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन मुखर्जी नगर स्थित सिंधी धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रभुराम चौधरी पूर्व केविनेट मंत्री सांची विद्यायक के द्वारा रोजगार मेले में उपस्थित सेंकड़ों महिलाओं बालिकाओं पुरूषों को रोजगार के लिए डिप्लोमा प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित करते हुए विश्वास दिलाया कि हमारी महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हों सरकार दृढ़ संकल्प एवं प्रयासरत है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष राकेश शर्मा अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रायसेन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रोजगार की क्रांति जनशिक्षण संस्थान वन चुका हैं। जनशिक्षण संस्थान के द्वारा हजारों महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हों। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति सविता जमना सेन ने अपने उदबोधन में कहा कि जनशिक्षण संस्थान महिलाओं को नित्य नई उँचाईयां दे रहा है।

मैने कई बार जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रमों में सहभागिता की हर बार सेंकड़ों की संख्या में महिलाओं की उपस्थिति देखकर मुझे खुशी एवं गर्व होता हैं। विजय कपूर जी को मेरी ओर से बधाईयां और शुभकामनाऐं प्रदान करती हूँ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विजय कपूर पूर्व एवं संस्थापक अध्यक्ष जनशिक्षण संस्थान रायसेन में शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन सहयोग के प्रति साधुवाद के साथ अनुरोध किया कि संस्थान ने आप सबके सहयोग से रायसेन के अंतिम व्यक्ति को रोजगार देने के लिए जो दृढ़ संकल्प लिया है।

वह पूर्ण हो रहा है रायसेन की महिलाओं पुरूष युवक युवतियों ने रोजगार की दिशा में आत्मनिर्भर हो रही है। विजय कपूर ने कहा कि जो संस्थान की पहचान बन चुकी है वहीं रायसेन की पहचान हो रायसेन सुंदर स्वच्छ एवं आत्मनिर्भर हो। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमति प्रतिमा सिंह निदेशक जन शिक्षण संस्थान के द्वारा अभिनंदन पत्र का अभिवादन अतिथियों के स्वागत के साथ कर संतान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

आयोजित कार्यक्रम को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति मंजू धीरेन्द्र कुशवाह विद्यायक प्रतिनिधि जमना सेन ने भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंध मंडल सदस्य मिथलेश सोनी श्रीमति निशा मालवीय भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता बृजेश चतुर्वेदी पत्रकार गणों में महेन्द्र तोमर थान सिंह मालवीय व गणमान्य नागरिक कर्मचारी अनुदेशक अनुदेशिकाऐं उपस्थित रहीं कार्यक्रम का संचालन संजय राउत के द्वारा किया गया।

## विज्ञान मंथन यात्रा के लिए सैण्ट एसआरएस स्कूल के सर्वाधिक छात्र चयनित

**गंजबासौदा।**

**प्रदेश शासन की एमपी काउंसलिंग ऑफ साइंस टैक्नालॉजी विज्ञान भवन भोपाल द्वारा कोरोना काल के बाद कक्षा नौ से बारहवीं के छात्रों के लिए विज्ञान के प्रति जागरूकता को बढावा देने के लिए विज्ञान मंथन यात्रा शुरू की जा रही है। जिसमें पूरे प्रदेश से विज्ञान में रुचि रखने वाली छात्रों को चयनित किया जाता है।**




इस वर्ष विज्ञान मंथन यात्रा के लिए विदिशा जिले से चयनित कुल 35 छात्रों का चयन किया गया इनमें से 28 विधार्थी सेंट एस.आर.एस .पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल से चयनित हुए विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चुने गए छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिवार द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर अभिनंदन किया गया।

विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चयनित शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि एमपी काउंसलिंग ऑफ साइंस टेक्नालॉजी विज्ञान भवन भोपाल द्वारा कोरोना काल के बाद पुनः स्कूल शिक्षा के छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने, वैज्ञानिक संस्थानों का भ्रमण कराने, वर्तमान में हो रहे वैज्ञानिक शोध एवं आधुनिक तकनीक से अवगत कराने के लिए देश के चंडीगढ़ और दिल्ली की ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक संस्थानों की यात्रा कराई जाएगी। यह यात्रा 21 अप्रेल से 27 अप्रेल तक संचालित होगी। विज्ञान मंथन यात्रा के लिए प्रदेश भर से कुल 375 बच्चों का चयन किया गया है। यात्रा पश्चात विज्ञान यात्रा आधारित टेस्ट होगा, जिसमें से 60 चयनित छात्र-छात्राओं को विज्ञान छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने बताया कि सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल के 28 बच्चों का इस यात्रा के लिए चयन हुआ है। जिसमें कक्षा दसवीं से 15, कक्षा 11 से 6 एवं कक्षा 12 से 7 छात्र-छात्राएं चयनित हुए हैं।

खास बात यह है कि विदिशा जिले से कुल 35 छात्रों का चयन हुआ है, जिसमें से 28 छात्र-छात्राएं सैण्ट एस.आर.एस. स्कूल से हैं। संस्था के चार बच्चे प्रतीक्षा सूची में भी रखे गये हैं। संस्था में सभी चयनित छात्र-छात्राओं का तिलक रोरी और पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। संस्था के डायरेक्टर के .एस. यादव, प्रबंधक श्रीमती सुधा यादव, सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने चयनित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं।

## 30 मार्च को विक्रमोत्सव का होगा आयोजन

**विदिशा (निप्र)।**

**संस्कृति विभाग द्वारा जारी निर्देशो के अनुपालन में 30 मार्च को विक्रमोत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय पर किया जाएगा और मंदिरो पर ब्रहमध्वज, विक्रमादित्य नाटक प्रारूप में स्थानीय कलाकारो एवं छात्रो द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी।**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विदिशा जिले में विक्रमोत्सव आयोजन के लिए जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी के सहयोग हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, अग्रणी शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रदेश में सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन 30 मार्च को किया जाएगा। कोटि सूर्य उपासना में लोक प्रसिद्ध कलाकारो को बुलाया जाएगा।

संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला द्वारा जारी पत्र में उल्लेख है कि प्रत्येक जिले को 15 ब्रहमध्वज महाराजा विक्रमादित्त शोधपीठ द्वारा उपलब्ध कराए गए है जो सूर्य उपासना कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख मंदिरो एवं शासकीय भवनो पर ब्रम्हध्वज स्थापित किए जाएंगे। स्थानीय व्यवस्थाओं के लिए संस्कृति विभाग के अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ द्वारा 50 हजार रू. प्रत्येक जिले को आवंटित किए गए है।

**स्पेशल खबर** आगामी तीन वर्षों के लिए राकेश आचार्य पिंकल बने अध्यक्ष

## सारस्वत ब्राह्मण समाज का गोठ एवं होली मिलन समारोह संपन्न

**मंदसौर ।**

**सारस्वत ब्राह्मण समाज की गोठ एवं होली मिलन समारोह गुरुवार को हीरा की बगीची में संपन्न हुआ।पारंपरिक रूप से बालाजी महाराज की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।**



विगत दो वर्षों में समाज के दिवंगत हुए समाजजनों को उपस्थित समाजजनों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि देने के पश्चात मंचीय कार्यक्रम शुरू हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए समाज अध्यक्ष विष्णु प्रसाद आचार्य ने कार्यकाल में सहयोग देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

कोषाध्यक्ष प्रदीप जोशी ने विगत तीन वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में प्रावीण्य सूची में आने वाले प्रतिभावान छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। डांस एवं चेयर रेस के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।डांस में पार्थ तुगनावत एवं चेयर रेस में ललिता उपाध्याय प्रथम रही। इसके पश्चात आगामी तीन वर्षों के लिए समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।सर्वसम्मति से राकेश आचार्य पिंकल को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।साथ ही सचिव पद पर प्रवीण व्यास,सहसचिव विशाल व्यास एवं प्रदीप जोशी,उपाध्यक्ष पद पर निर्मल जोशी एडवोकेट एवं महावीर व्यास को चुना गया। प्रवक्ता पद पर स्वप्निल ओझा को चुना गया।

सर्वसम्मति से महिला मंडल अध्यक्ष पद पर साधना तुगनावत को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अरविंद सारस्वत,विनोद ओझा,तरुण शर्मा,आलोक आचार्य,मुकेश आचार्य,मोनू शुक्ला,राजेश व्यास,निशांत शर्मा,कनिष्क शर्मा, अवधेश आचार्य, भरत आचार्य को लिया गया।साथ ही विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में डॉ गोपाल व्यास,विष्णु तुगनावत, सत्यनारायण बोहरा का मनोनयन किया गया। अपने शानदार कार्यकाल एवं नवाचार के लिए निवर्तमान अध्यक्ष विष्णु प्रसाद आचार्य को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही नवीन कार्यकारिणी का पुष्पाहार से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र आचार्य प्रमिल ने किया।नव मनोनीत अध्यक्ष राकेश आचार्य ने आभार माना।

### गदा यात्रा के पूर्व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

जबलपुर।आज प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हिन्दू सेवा परिषद् के द्वारा हिन्दू नव वर्ष एवं संगठन की स्थापना दिवस पर होने वाली 31 मार्च को गदा यात्रा के पूर्व नौदरा ब्रिज स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। हनुमान चालीसा सामूहिक रूप से करने का उद्देश्य यह था जैसे कि कुछ लोग देश के अच्छे वातावरण को खराब करना चाहते हैं। ऐसे तत्वों से हनुमान जी महाराज देश की रक्षा करें इसी प्रार्थना के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया है। हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ इसलिए करना चाहिए कि ,हनुमानजी को मनाने के लिए सबसे सरल उपाय है।